




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 334 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 22 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

**मनासा, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। थाना क्षेत्र के बर्डिया जागीर गांव के बस स्टैंड पर शुक्रवार रात करीब 12:00 बजे एक हादसे में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को ग्रामीण इलाज के लिए नीमच के बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।**

मृतक दशरथ उम्र 18 साल पिता अंबालाल जाति भील, निवासी भादवामाता घर लौट रहा था तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मृतक के शव का शनिवार सुबह बड़े अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## नपा के आदमी बताकर घूम रहे शहर में...

# छत्तीसगढ़ के लोग एकत्रित कर रहे डाटा

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। नगर पालिका के नाम से लोगों के घर छत्तीसगढ़ के लोग पहुंच रहे हैं। यह लोगों के मकान का पूरा विवरण ले रहे हैं और मकान मालिक की पूरी जानकारी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस संबंध में लोगों को नगरपालिका ने कोई जानकारी अब तक नहीं दी है। जबकि, पुलिस हो या पुलिस की साइबर सेल किसी भी तरह के अनजान लोगों को कोई जानकारी नहीं देने की अपील करती है। इसके विपरित किसी के घर का नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले या कॉलोनी का डाटा एकत्रित किया जा रहा है। इसके पिछे वजह भूमि का सर्वे बताया जा रहा है। जबकि, इस संबंध में नगरपालिका ने कोई सूचना किसी भी माध्यम से लोगों तक नहीं पहुंचाई।**

### बिना जानकारी लोगों के घर भेज रहे किराये के आदमी..!

### नपा के अधिकारियों को ही नहीं जानते...

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लोगों के घरों की जानकारी लेने वाले नगरपालिका के अधिकारियों को ही नहीं जानते। अधिकारी का नाम पूछने पर अपने साथ आए लोगों को अधिकारी बता रहे हैं। मतलब साफ है कि नगरपालिका के नाम से सर्वे कर रहे लोगों पर नगरपालिका की कोई कमान नहीं है। छत्तीसगढ़ी भाषा में लोगों से खोद खोदकर जानकारी पूछी जा रही है। बताया जाता है कि यह लोग छतरपुर से है।

### खुद को बता रहे नपाकर्मी...

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह लोग खुद को नगरपालिका का कर्मचारी बता रहे हैं। इधर नगरपालिका ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है कि किसी प्रकार का सर्वे किया जा रहा है। यह जरूर है कि एक परिचय पत्र इनके द्वारा बताया जा रहा है। लेकिन, हकीकत यह है कि इस तरह के लेमीनेटेड परिचय पत्र कोई भी आसानी से तैयार करवा सकता है। अगर इस तरह का कोई सर्वे किया जा रहा है तो नगरपालिका को किसी भी माध्यम से आमजन को सूचना दी जाना चाहिए।

### विद्युत मीटर को स्कैन कर निकाल रहे जानकारी...

लोगों के बंद घरों का दरवाजा खटखटाने के साथ ही छत्तीसगढ़ के यह अंजान लोग घरों के बाहर लगे विद्युत मीटर से जानकारी निकाल रहे हैं। अगर किसी भूमि स्वामी की जानकारी निकाली जाती है तो उसकी जानकारी विद्युत मीटर कैसे दे सकता है। विद्युत मीटर किरायेदार भी अपने नाम से लगवाते हैं।

### सुरक्षा की दृष्टि से घातक...

हाल ही में मंदसौर का माहौल खराब होने के साथ ही पुलिस और प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर है। ऐसे में सर्वे के नाम पर अनजान लोग घरों में पहुंच रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे शहर में सर्वे करने वालों की जानकारी पुलिस के पास भी नहीं है।



### सीएमओ से नहीं हो सकी बात...

इस संबंध में नपा सीएमओ श्री सुधीरसिंह से चर्चा करने की कोशिश की गई। लेकिन उनका मोबाईल बंद था।

### नवरात्रि की तैयारियां

आगामी 3 अक्टूबर से नवरात्रि शुरु होगी। इसकी तैयारियां बाजार में शुरु हो गई है। जहां गरबा मंडल तैयारी में मगन है, वहीं मूर्तिकार भी माता की प्रतिमाओ का आकार देकर रंग रोगन कर तैयार कर रहे है।







## मंदिर में चोरी करने वाले तीन बदमाशों से पूछताछ, माल बरामद

### शहर पुलिस ने पकड़े थे बदमाश, न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर लाए

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के साबाखेड़ा में स्थित एक मंदिर में चोरी करने वाले तीन बदमाशो को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की। उनकी निशांदेही पर चोरी का माल भी बरामद किया गया है। वायडी नगर पुलिस ने बताया कि 17 अगस्त की रात को साबाखेड़ा स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर से अज्ञात बदमाश चांदी के मुकुट, 02 नग गले के चांदी के हार, छतर चांदी का कुल किमती 40 हजार रु लगभग का चुराकर ले गए। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु की। इधर शहर पुलिस ने पिछले दिनो कुछ बदमाशो को पकड़ा था। उन्हेंवायडी नगर पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट हासिल कर पीआर लिया। यहां पूछताछ में उन्होंने साबाखेड़ा और सिंदपन के मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया।

वायडी नगर पुलिस के मुताबिक घटनास्थल के आसपास क्षेत्र के, टोल टैक्स के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मुखबिरों की सहायता ली गई। जिसके बाद एकत्रित साक्ष्य एवं मुखबीर सूचना के आधार एवं प्रोडक्शन वारण्ट पर तीन संदिग्ध सुनिल पिता विनोद बागरी उम्र 23 वर्ष निवासी दौरवाडा थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर, भगत पिता प्रकाश उर्फ ओमप्रकाश बागरी उम्र 21 वर्ष निवासी दौरवाडा थाना नारायणगढ जिला मंदसौर और विक्रम पिता दलपत बागरी उम्र 26 वर्ष निवासी दौरवाडा थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर को न्यायालय मन्दसौर से पीआर पर लाकर पुछताछ की गई। आरोपियों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार की। इनके द्वारा योजनाबद्ध तरीके से मंदिरो मे घुसकर चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियो की निशांदेही से आरोपियो के कब्जे से साबाखेडा स्थित मन्दिर मे हुई चोरी मे चांदी के कुण्डल, 02 नग गले की चांदी की चैन, एक चांदी का हार, चांदी का एक छोटा व एक बड़ा मुकुट एवं सिन्दपन स्थित मन्दिर मे हुई चोरी में एक चांदी की बांसुरी, एक चांदी का छत्र, एक चांदी का मुकुट, 03 चांदी की माला कुल किमती 70 हजार रु का मश्रुका जप्त किया गया।

## नाले में मिला बुजुर्ग का शव

**मनासा, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। क्षेत्र के ग्राम जमुनिया रावजी में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 62 वर्षीय बुजुर्ग का शव उन्ही के खेत के पास स्थित नाले में मिला। जानकारी लगते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वही सूचना पर मनासा थाने की डायल 100 भी मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए मनासा के सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।**

जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह नरेंद्र पिता टीकम सिह झाला उम्र 62 वर्ष अपने खेत पर गाय चराने गए थे। जब शाम को किसी ने उनको खेत के समीप स्थित नाले के पानी में पड़े देखा तो परिजनों को जानकारी दी। वही परिजनों को आशंका है कि बुजुर्ग की मौत सर्प दंश से हुई है। उनका कहना है कि बुजुर्ग के पांव पर सांप के काटने के निशान मिले हैं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही सही कारणों के सामने आने की बात कह रही है।

# मंदसौर का घोड़ीबाज पार्षद नीमच में धराया

### पुलिस ने दी फार्म हाउस पर दबिश, नौ जुआरी पकड़े

**नीमच, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। पुलिस के छापे में मंदसौर नगरपालिका का घोड़ीबाज पार्षद भी जुआ खेलते हुए पकड़ाया। पुलिस ने मंदसौर नपा के वार्डक्रमांक 15 के पार्षद शाहिद मेव सहित 9 को गिरफ्तार किया है। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने ग्राम सेदरिया के पास एक फार्म हाउस पर छापा मारा। जहां मंदसौर के भाजपा पार्षद सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी को ताश पत्ती के साथ जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से 27 हजार140 रुपए नगद और जुआ खेलने में प्रयुक्त 52 ताश पत्ते जब्त किए है।**

सिटी थाना पुलिस को रात्री में मुखबीर सूचना मिली कि गांव सेदरीया के पास स्थित शक्तावत फार्म हाउस ग्राम सेमली चन्द्रावत में कुछ लोग ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। इस पर पुलिस की टीम ने उक्त फार्म हाउस की घेराबंदी कर छापा मारा। इस दौरान 10 से 11 लोग जुआ खेलते हुए दिखाई दिए, जैसे ही पुलिस ने उनको पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ लोग पुलिस को चकमा देकर खेतों में भाग गए। पुलिस के हाथ नौ लोग लगे। गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी मंदसौर शहर में नगर पालिका में भाजपा पार्षद शाहिद मेव है। वहीं, सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। इस मामले में फरार आरोपियों और फार्म हाउस के मालिक को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। उन पर भी प्रकरण दर्ज किया गया है। सिटी थाना पुलिस ने शनिवार को घटना की जानकारी दी।

### यह भागे मौके से...

पुलिस के मुताबिक मौके से हरीश पायलेट, आजम खान व शक्तावत फार्म हाउस का मालिक महावीरसिह शामिल है। जिनकी तलाश जारी है। सभी गिरफ्तारशुदा आरोपियो व फरार आरोपियो के विरुद्ध थाना नीमच सिटी पर धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।



### यह जुआरी पकड़ाए...

पुलिसने बताया कि मौके से लोकेश पिता दया शंकर तेली उम्र 40 साल निवासी ग्राम तलाऊ थाना कुकडेश्वर, घीसालाल पिता अमर चन्द सुथार उम्र 56 साल निवासी हासपुर थाना मनासा, सन्तोष पिता कन्हैयालाल तेली उम्र 54 साल निवासी तलाऊथाना कुकडेश्वर, पंकज पिता विजय कुमार जैन उम्र 43 साल निवासी स्कीम नं. 34 नीमच कैन्ट, शाहिद पिता मेहबुब खान उम्र 45 साल निवासी नयापुरा मंदसौर, नोशाद पिता शाहिद खान उम्र 45 साल निवासी भोईवाडा मन्दसौर, गिरीश पिता सागरमल जैन उम्र 42 साल निवासी बडोद जिला आगर मालवा, आरीफ पिता साबीर एहमद उम्र 44 साल निवासी अरोरा कलोनी मन्दसौर, सद्दाम पिता बाबु खान उम्र 32 साल निवासी बडोद आगरमालवा को पकड़ा है।

## कार और लोडिंग की भिड़ंत, एक की मौत चार घायल

**मनासा, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच रोड पर जवासा और सावन गांव के बीच शनिवार को लोडिंग टेम्पो और कार में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि, टेंपो चालक टेंपो में ही फस गया था, जिसे बाद में लोगो ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

नीमच सिटी थाना क्षेत्र के मनासा रोड पर जवासा और सावन गांव के बीच शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक सब्जी से लदे लोडिंग टेंपो और ऑल्टो कार की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार 4 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जबकि, एक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हादसे में कार सवार 6 लोगों मे से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य गम्भीर घायल हो गए। कार में 2 पुरुष 2 महिला और 2 बच्चे सवार थे। साथ ही टेंपो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।सभी घायलों को निजी वाहनों ओर एम्बुलेंस की मदद से नीमच के बड़े अस्पताल लाया गया। जहां कार सवार एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। जबकि, एक गंभीर घायल को राजस्थान के उदयपुर रेफर किया गया है। कार सवार शेष घायलों का बड़े अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं, टेंपो चालक को किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। घायलों की पहचान दीपक राठौड़ टेम्पो चालक, पिंकी पति गणेश जाति ब्राह्मण निवासी कानाखेड़ा, राजेश पिता शांतिलाल जाति ब्राह्मण निवासी खानखेड़ी, परी (4 वर्ष) पिता राजेश के रूप में हुई है। जबकि गणेश के पिता प्रेमचंद निवासी कानाखेड़ा की मौत हो चुकी है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम रूम में रखवाया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## सोना हुआ 75 हजारी, कीमत और बढ़ने की संभावना

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोना अपनी कीमत का रिकॉर्ड तोड़ता जा रहा है। इसके दाम प्रति तोला 75 हजार के पार पहुंच गए। यह कहा जा सकता है कि सोना 75 हजारी हो गया है। चांदी के भाव भी बढ़े है। सफेद और पीली धातुओं में यह तेजी इजरायल-हिजबुल्लाह संघर्ष की वजह से बताई जा रही है। हालांकि देश सहित प्रदेश में इन दिनों खरीदारी कम है। पर विदेशों में सोने की मांग बढ़ गई है। इससे कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। कारोबारियों और बाजार विशेषज्ञों के अनुसार दिवाली पर भी ताजा रुझान ही कायम रह सकता है। वर्तमान में सोन के भाव 75 हजार 300 प्रति दाम ग्राम है तो वहीं चांदी के दाम



86,300 प्रति किलो है। सराफा से जुड़े व्यापारियो की माने तो भाव में और बढ़ोतरी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय बुलियन मार्केट में सोने की कीमत 2 हजार 612 डॉलर प्रति ओंस पहुंच गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर कटौती के बाद हुई इसका असर सोने पर भी पड़ा। सोना 75 हजार 300 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया। विशेषज्ञों ने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की ब्याज दर कटौती के बाद डॉलर कमजोर हुआ। डॉलर कमजोर होने से इंटरनेशनल बुलियन वायदा मार्केट में सोने की कीमत अपने उच्च स्तर 2 हजार 612 डॉलर प्रति औंस पर जा पहुंची।भारतीय बुलियन मार्केट में भी इसका असर देखा गया। सोना केडबरी ने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। बाजार में अवकाश से पहले सोना केडबरी 400 रुपए बढक़र नकद में 75 हजार 300 रुपए प्रति तोला पर पहुंच गया। आरटीजीएस में सोना 76 हजार रुपए प्रति तोला के भाव पर रहा। कारोबारियों का कहना है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के संघर्ष के कारण कीमती धातुएं महंगी हो रहीं हैं।

## तेज धूप, दोपहर बाद हल्की बारिश

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को शहर सहित अंचल में दोपहर तक तेज धूप खिली रही। जिससे उमस और गर्मी से लोग परेशान होते नजर आए। दोपहर बाद शहर सहित कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। हालांकि, इससे मौसम में ठंडक नहीं आ पाई। इधर मौसम विभाग की माने तो अब आगामी 23 सितंबर तक अंचल में बारिश नहीं होने का अनुमान है। इस दौरान आसमान पर बादल छाए रहेंगे। दिन भर धूप छांव का खेल भी जारी रह सकता है। लोगों को दोपहर के समय गर्मी और उमस का सामना करना पड़ सकता है। एमपी में विदाई से पहले मानसून एक बार फिर बरसेगा। 24 सितंबर से प्रदेश में बारिश ... **शेष पेज 4 पर**

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालना महंगा पड़ा

### दो आरोपी गिरफ्तार, एक अन्य पर भी कार्रवाई

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शहर कोतवाली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में 9 आरोपियो के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। मामले में 2 आरोपियो को गिरफ्तार कर जैल भेजा गया है। एक अन्य आरोपी को भी अभिरक्षा मे लेकर वैधानिक कार्यवाही की गई है। मामले में ग्रुप एडमीन पर भी कार्रवाई की गई है।**

पुलिस ने बताया कि 20 सितंबर को थाना कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से सुचना प्राप्त हुई की कुछ व्यक्ति सोशल मीडिया पर भडकाऊ पोस्ट कर रहे है, जिससे की 02 समुदायो के बीच हुए विवाद को लेकर मंदसौर में साम्प्रदायिकता फैलाने तथा दो समुदाय के बीच मे वैमनस्यता पैदा करने की नियत दिख रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदीप पिता श्यामलाल भौंड उम्र 22 साल निवासी जैल के पास सरस्वती नगर मंदसौर, सिद्धार्थ पिता संजय नाहर उम्र 23 साल निवासी पारख कोलोनी मदंसौर को गिरफ्तार कर जैल भेजा है। वहीं एक अन्य को भी अभिरक्षा मे लेकर वैधानिक कार्यवाही की गई है। प्रकरण में अन्य आरोपियो की तलाश जारी है। उक्त प्रकरण में सभी 06 एडमिन भारत सिह पिता नाथु सिह निवासी ग्राम बोहराखेडी, रोहित गंगवाल पिता रामभरोसे निवासी दत्ता की घाटी मंदंसौर, ईश्वर सिंह राजपुत पिता माधु सिह निवासी बोहराखेडी को भी आरोपी बनाया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर होने वाली संपूर्ण गतिविधियो पर जिला स्तरीय सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल, सायबर सेल, थाना स्तर की पुलिस सतत निगाह बनाये रखे है।

# प्रदेश के 51 हजार अतिथि शिक्षक ऑनलाइन दर्ज, अब भी 19 हजार बाकी

**भोपाल, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों पर अतिथि शिक्षकों को रखने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 51 हजार अतिथि शिक्षकों ने पोर्टल पर आनलाइन दर्ज किए हैं, जिन्हें स्कूलों में आमंत्रित किया जाएगा। लेकिन, अब भी 19 हजार अतिथि शिक्षक बाकी हैं। सरकारी स्कूलों में नई रिक्तियों के लिए अतिथि शिक्षकों को आवेदन सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें आवेदक द्वारा ही रिक्त पदों का चयन आनलाइन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शीघ्र ही आवेदकों को आनलाइन पद्धति से ही स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। विगत वर्षो मे विद्यालय स्तर पर तैयार अतिथि शिक्षकों के पैनल जीएफएमएस पोर्टल पर आनलाइन दर्ज किए गए हैं।

अतिथि शिक्षकों को आनलाइन आमंत्रण सुविधा अतिथि शिक्षक के ही लाग इन पर उपलब्ध कराई गई है। इसका सत्यापन स्कूल प्रभारी द्वारा करने के बाद संबंधित अतिथि शिक्षक की ज्वाइनिंग संबंधित स्कूल में आनलाइन की गई है, जिसमें आवेदक द्वारा ही रिक्त पदों का चयन आनलाइन किया जा रहा है। बता दें, कि प्रदेश में करीब 70 हजार अतिथि शिक्षक हैं।

### पात्रता परीक्षा पास करने वाले को 30 अंक मिलेंगे...

इस बार मेरिट के आधार पर अतिथि शिक्षकों को स्कूल में भेजा जा रहा है। विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि ऐसे आवेदक, जो पात्रता परीक्षा पास किए हैं। उन्हें 30 अंक और पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को उनके अनुभव के आधार पर चार अंक प्रतिवर्ष के मान से अधिकतम 20 अंक प्रदान किए गए हैं। विभाग ने इस आधार पर उनका स्कोर-कार्ड तैयार किया है। स्कोर कार्ड के मेरिट के आधार पर अतिथि शिक्षकों को स्कूल आवंटन किया जा रहा है।

### 31 हजार स्कूलों में पद रिक्त...

प्रदेश के 31 हजार 268 सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पद के लिए दो लाख से अधिक आवेदकों द्वारा आवेदन दिए जा चुके हैं। इन आवेदकों द्वारा विकल्प का चयन किया जा चुका है। विभाग द्वारा शीघ्र ही आवेदकों को आनलाइन पद्धति से ही स्कूलों का आवंटन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने कोलकाता में निवेशकों के साथ की राउंड टेबल मीटिंग



**नीमच, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं है। इन्ही संभावनाओं में निवेश के अवसर तलाशने और निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से इन्वेस्टर्स समिट देश के विभिन्न शहरों में की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात कोलकाता में शुक्रवार को इन्वेस्टर्स समिट में स्टील और मिश्र धातु निर्माण, लॉजिस्टिक, हौजरी व टेक्सटाइल एवं नैस्कॉम पर केन्द्रित राउंड टेबल मीटिंग के दौरान कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों से कहा कि प्रदेश से कच्चा माल दूसरे प्रदेशों और देशों में जाता है। हमारे प्रयास है कि प्रदेश से अन्य स्थानों पर जाने वाले कच्चे माल से प्रदेश में ही उत्पादन की श्रृंखला विकसित हो। इससे प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और समृद्धि के नये द्वार भी खुलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों को उत्पादन यूनिट की स्थापना के लिए आवश्यक अनुमतियाँ और स्वीकृतियाँ शीघ्र प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए सभी आवश्यक व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों से प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए नीतियों में संशोधन और सुझाव भी मांगे। उन्होंने मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री यादव के प्रदेश में निवेश को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सभी निवेशकों ने सराहना की। निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश के प्रति रूचि दिखाई। हौजरी एवं वस्त्र निर्माण, लॉजिस्टिक्स, स्टील और मिश्र धातु निर्माण और आईटी/आईटीईएस (नैस्कॉम) पर 4 राउंड टेबल मीटिंग्स हुई। हौजरी एवं टेक्सटाइल राउंड टेबल मीटिंग का उद्देश्य मध्यप्रदेश में हौज़री एवं रेडीमेड गारमेंट सेक्टर के औद्योगिक विकास को प्रभावी गति प्रदान करना था। मीटिंग में स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र और नवाचार के अवसरों पर चर्चा हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने पीएम् मित्र पार्क में निवेश बढ़ाने, चुनौतियों और संभावित समाधानों के बारे में बताया। लॉजिस्टिक्स राउंड टेबल मीटिंग का उद्देश्य मध्यप्रदेश में लॉजिस्टिक्स सेक्टर के औद्योगिक विकास को प्रभावी गति प्रदान करना था। मीटिंग में लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र में नए निवेश और नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया गया, साथ ही इंदौर मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क में निवेश के अवसरों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर चर्चा हुई। स्टील और मिश्र धातु निर्माण राउंड टेबल मीटिंग का उद्देश्य मध्यप्रदेश में स्टील एवं माइनिंग सेक्टर के औद्योगिक विकास को प्रभावी गति प्रदान करना थाख मीटिंग्स में उद्योग स्थापना में सहायक नीतियों एवं सेक्टर के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने हेतु चर्चा की गई। राउंड टेबल मीटिंग में नैस्कॉम के साथ मध्यप्रदेश को एक उभरते आईटी और आईटीईएस केंद्र के रूप में स्थापित करने पर चर्चा की गई। प्रदेश में आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु विभिन्न आवश्यकताओं एवं प्रदेश में आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम में निवेश आकर्षित करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों के साथ नेटवर्किंग डिनर भी किया।

# चीनी लहसून के आयात पर रोक लगाई जाए, पुलिस व खाद्य औषधि अमला सतर्क रहे

**पत्र के माध्यम से सांसद गुप्ता ने व्यापारियों एवं अन्य अधिकारियो को सतर्क रहने की सलाह दी, सांसद गुप्ता ने मंदसौर, नीमच व रतलाम कलेक्टर से की चर्चा एवं पत्र भी सौंपा**



**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने अवैध चीनी लहसुन के आयात पर रोक लगाने और उचित कार्रवाई करने को लेकर मंदसौर, नीमच व रतलाम के जिला अधिकारियों से चर्चा की एवं इस विषय को सभी संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से लेने की बात कही।

सांसद गुप्ता ने कहा कि संसदीय क्षेत्र लहसुन उत्पादन में अग्रणी है, और यहाँ की कृषि उपज मंडीयो एवं होलसेल रिटेल सब्जी मंडीयो में बड़ी मात्रा में लहसुन की आवक होती है ऐसे में अमानक चीनी लहसुन का बाजार में आना बड़ा चिंताजनक विषय है। चूंकि मंदसौर संसदीय क्षेत्र लहसुन उत्पादन के अंदर देश में सबसे अग्रणी है। यहां से देश की तमाम मंडियों के साथ-साथ ही विदेशों में भी बड़ी मात्रा में निर्यात किया जाता है। ऐसे में चाइना लहसुन के बाजारों में आने से ना सिर्फ कृषि उत्पादन में फर्क पडेगा बल्कि व्यापारी वर्ग को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। सांसद गुप्ता ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार द्वारा लगातार भारतीय लहसुन को विश्व में निर्यात हेतु भारतीय किसान और व्यापारियों को प्रोत्साहित किया है और उसके लिए कठोर रणनीति भी बनाई है जिसके फलस्वरूप भारत लहसुन निर्यात में 245 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2023 में रिकॉर्ड 30 मिलियन डॉलर तक पहुच गई है। इस रिकार्ड वृद्धि में संसदीय क्षेत्र का योगदान भी अहम है। सांसद गुप्ता ने कलेक्टर से यह भी आग्रह किया कि संबंधित अधिकारी सर्तकता बरते। उन्हाने कहा कि क्षेत्र का खाध्य विभाग का अमला कृषि उपज मंडी समितियां व पुलिस प्रशासन अमानक लहसुन को जप्त करने, नष्ट करने, सजा दिलवाने व मंडीयो या क्रय विक्रय के प्रत्येक क्षेत्र में अमानक लहसुन हटाने हेतु प्रयत्नशील रहने के साथ ही अतिरिक्त सतर्कता बरते। साथ ही ऐसे में अमानक चीनी लहसुन सामान्य उपभोक्ता पहचान सके ऐसे बोर्ड फ्लेक्स लगाकर जानकारी उपलब्ध कराई जावे।

**स्वास्थ्य पर विपरीत असर न हो इस हेतु प्रचार करें**–सांसद गुप्ता ने कहा कि दुर्भाग्य से चाइना की लहसुन में उत्पादन बढ़ाने हेतु मेटल, लेड, क्लोरिन जैसे घटक अमानक केमिकल का उपयोग करके मनुष्य की जान लेने जैसे गंभीर अपराध कारीत हो रहे है यह सर्व विदित है की फलो एवं सब्जियों में हानिकारक केमिकल के ज्यादा उपयोग से मनुष्य के लीवर, किडनी जैसे घातक रोग जन्म लेते है एवं पाचन तंत्र पूर्णतया खराब होता है हाल ही में अमेरिकी सीनेटर ने अपने एक पत्र में विदेश में उगे लहसुन गुणवत्ता को लेकर जनता के स्वास्थ्य के प्रति चिंताए जाहिर की है जो एक गंभीर विषय है जिसका सीधा इशारा ख़ास तोर पर कम्युनिस्ट चीन में उगाया गया लहसुन को किया गया है इसके विपरीत भारत के किसान घातक रसायनों का उपयोग उत्पादन बढ़ाने हेतु नहीं करते है जिससे विदेशों का भारतीय लहसुन पर भरोसा बढ़ा है।

# रावत को राष्ट्रपति ने पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया



**दलौदा, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दीर्घकालिक तपस्या के पश्चात यदि सफलता का स्वाद चखने को मिले तो यह किसी अतींद्रिय सुख से कम का एहसास नहीं दिलाता, इन्हीं पंक्ति को साकार चरितार्थ करती एक शोधार्थी की यात्रा जिसको तय किया शासकीय महाविद्यालय दलोदा के वाणिज्य विभाग के डॉ औकार सिंह रावत ने जिनकी पीएचडी की यात्रा 13/9/ 2013 से डीएवीवी इंदौर से आरंभ हुई और 30/ 11/ 2022 को अवार्ड हुई। उनके शोध का शीर्षक 'पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के वेतनभोगी कर्मचारियों में बचत एवं वियोग प्रवृत्तियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन'। इस शोध के निष्कर्ष के बिंदुओं के आधार पर सामने आया की बचत को प्रोत्साहित करने एवं बचत को सही दिशा प्रदान करने में कर बचत योजनाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। प्रस्तुत शोध अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है की बचत करना न केवल व्यक्ति का स्वभाव होना चाहिए अपितु वह एक अनिवार्य आवश्यकता होनी चाहिए ताकि वह भविष्य की अनिश्चितताओं से स्वयं की एवं परिवार की रक्षा कर सके। शोध के गहन अध्ययन हेतु पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सरकारी व निजी संस्थान में कार्यरत वेतनभोगी कर्मचारियों को अध्ययन हेतु चुना गया था जो समग्र का भली भांति प्रतिनिधित्व करते हैं सर्वेक्षण के माध्यम से साक्षात्कार, अनुसूची अवलोकन व प्रश्नावली के माध्यम से तथ्यों को संग्रहित किया गया था।डॉ. ॐकार सिंह रावत की यह शोध यात्रा काफी लंबी रही परंतु अंत भला हो तो सब कुछ भला हो जाता है इस पंक्ति को भी चरितार्थ किया एक सुंदर पल ने और वह पल था देवी अहिल्याबाई यूनिवर्सिटी द्वारा 19 सितंबर 2024 को आयोजित हीरक जयंती वर्ष दीक्षांत समारोह। इस दीक्षांत समारोह में डॉ ॐकार सिंह रावत जी को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी की उपस्थिति में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह शासकीय महाविद्यालय दलोदा के लिए स्वर्णिम गौरव दिलाने वाला क्षण था जिसके लिए दलोदा महाविद्यालय द्वारा भी डॉ ॐकार सिंह रावत सर के सम्मान में 21 सितंबर 2024 को एक कार्यक्रम रखा गया इस सम्मान कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री हेमंत जी धनोतिया, प्राचार्य श्री शैलेंद्र मालीवाड़ सहित सभी प्राध्यापको ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाओं के पुष्प गुच्छ अर्पित किए।



## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ पर मोजैक स्किल इंस्टीट्यूट में आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मोजैक स्किल इंस्टीट्यूट, मंदसौर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में भाजपा नेता विनय दुबेला उपस्थित रहे उनके साथ, एनएसडीसी डीपीएमयू के रवि शंकर शुक्ला, एनआईसी से उमाशंकर भारद्वाज, और पंजाब नेशनल बैंक से लीड अधिकारी पवन राठौर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित विश्वकर्मा इवेंट का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके पश्चात, 25 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। यह पूरा कार्यक्रम मोजैक कंपनी के सेंटर मैनेजर विनोद कुमार पाटीदार के अधीन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# समीक्षा राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता हेतु चयनित



**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाली शालेय 17 वर्ष बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता जो शुजालपुर में आयोजित हो रही है मंदसौर की फुटबॉल बालिका खिलाड़ी समीक्षा प्रदीप चौहान इस प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। समीक्षा सेंट थॉमस विद्यालय कक्षा नौवीं की छात्रा है। अधिक जानकारी देते हुए सेंट थॉमस के फुटबॉल प्रशिक्षक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि समीक्षा का इस प्रतियोगिता हेतु चयन उनके द्वारा किए गए जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर किया गया वह इससे पूर्व भी दो बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं व सी एम कप राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपने खेल का प्रदर्शन कर चुकी हैं समीक्षा साई फुटबॉल क्लब की नियमित खिलाड़ी है व कक्षा छठी से फुटबॉल के प्रति समर्पित रही है समीक्षा की उपलब्धि पर सेंट थॉमस विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर अभया मैनेजर फादर जॉनसन उप प्राचार्य सिस्टर क्रिस्टीना वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक त्रिभुवन कविश्वर, कुलदीप सिंह चौहान, रवि कोपरगांवकर, जितेंद्र कनौजिया, जया सिसोदिया, निमेष दुग्गल आदि ने चयन पर बधाई दी व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी में रैली निकाली

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय परिसर से प्राचार्य डॉ आर के श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता हेतु नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। ग्राम वासियों व राहगीरों से अपने पास साफ सफाई रखने व अपने ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपील की गई। इस कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो सचिन कारपेंटर, रासेयो के स्वयंसेवक छात्रों सत्यप्रकाश एवं मोनू नागदा प्रो अरुण नरगावे, डॉ कन्हैयालाल लोहार, प्रो गोविंद तवर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्र उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दशपुर विद्यालय के छात्रों का चयन

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय के दो खिलाड़ी का चयन राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री आकाश गाजवा ने बताया कि बालिका 19 आयु वर्ग में विद्यालय की छात्रा विधि त्रिवेदी एवं बालक 17 आयु वर्ग हेतु छात्र सुयश पोरवाल का चयन हुआ है यह प्रतियोगिता दिनांक 20 सितंबर से 24 सितंबर 2024 तक दतिया में आयोजित होगी। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस एवं संस्था सुपरवाइजर श्री हकीम प्रसाद शर्मा द्वारा उन्हें शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में दिया संदेश



**नारायणगढ़, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।स्वच्छता ही सेवा अभियान वार्ड क्रमांक 09 आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित किया गया। इस दौरान मंदसौर जिले की डिप्टी कलेक्टर सुश्री देवकुवरसोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुँवर चौहान, उपाध्यक्ष श्री वीरेंद्र रूपरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रमोद जैन, महिलाएं उपस्थित थे।**

इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत महिलाओ को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि घर के आस पास साफ सफाई रखे, नालियों में गंदा पानी जमा न होने दे, गीले कचरे से घर पर ही खाद बनाकर खेती मे उपयोग करे, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न खुद करे न किसी को करने दे, घर पर ही गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग करके ही निकाय के कचरा वाहन में डालने तथा राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिलाओ को समझाइश दी गई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री संतोष शर्मा के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय पोषण माह विषयो के बारे मे समझाया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक उद्यानिकीय श्री एस. पी. त्रिपाठी के द्वारा घर पर गीले कचरे से जैविक खाद बना बनाकर स्वयं खेती, बागवानी मे उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग श्री आशीष पाटीदार के द्वारा एड विषय पर महिलाओं से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पधारे हुई सभी महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की शपथ दिलाई गई। जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा स्वच्छता की सेवा अभियान अंतर्गत श्रमदान किया गया।

## डीपी आइल व केबल चोरी के मामले में 2 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विद्युत केबल व डीपी आईल चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार 18 सितम्बर को झारड़ा निवासी पन्नालाल पिता लक्ष्मीनारायण तेली ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 सितम्बर को रात्रि में अज्ञात बदमाश विद्युत कनेक्शन की 1000 फिट केबल व डीपी से करीब 35 लीटर आइल चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना के दौरान झारड़ा निवासी धनराज उर्फ छोटू पिता मांगीलाल धनगर व बंटी उर्फ सुनील पिता शंकरलाल मेघवाल को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से केबल व आइल के अलावा चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर भी जब्त किया।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिले के सभी शासकीय कार्यालय में साफ-सफाई की

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सुशासन भवन, जिला पंचायत, जनपद पंचायत जिले के सभी तहसील एवं ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की गई। इस दौरान जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई की गई।

## रैली व ज्ञापन कार्यक्रम स्थगित

**मंदसौर, 21 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सकल वाल्मीकि समाज व वंचित समाज द्वारा रविवार सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले रैली व ज्ञापन के कार्यक्रम को परिस्थितियों के मुताबिक प्रशासनिक अनुमति ना मिलने के कारण स्थगित किया गया है।**

समाज अध्यक्ष राजाराम तंवर मंदसोर ने बताया की संविधान को मानते हुए, प्रशासन को सहयोग करते हुए सकल वाल्मीकि समाज व वंचित समाज ने आरक्षण में वगीर्कृत के फैसले का स्वागत करते हुए रविवार को आयोजित होने वाले रैली व ज्ञापन के इस आयोजन को स्थगित करने का फैसला किया हैं। कार्यक्रम की आगामी रुपरेखा जल्द तैयार की जाएगी और कार्यक्रम की नवीन दिनांक जारी की जाएगी।

# चार धाम यात्रा में बढ़ने लगी भक्तों की तादाद, मौसम में सुधार होते ही बढ़ा यात्रियों का रुझान



**देहरादून, 21 सितम्बर।** इस साल 10 मई को शुरू हुई चार धाम यात्रा को पिछले महीने राज्य में आई आपदा के कारण रोकना पड़ा था। अब यात्रा ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है, श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। आपको बता दें कि सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक इस साल अब तक (21 सितंबर) 35 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चार धाम यात्रा कर चुके हैं।

रिकॉर्ड के मुताबिक, बद्रीनाथ धाम में अब तक 9,89,282 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि केदारनाथ धाम में 11,45,897 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। गंगोत्री धाम में अब तक 6 लाख 72592 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। जबकि यमुनोत्री धाम में अब तक 5 लाख 83455 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। हेमकुंड साहिब में भी 1,66,503 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इतना ही नहीं, अब चारधाम यात्रा पर जाने के लिए 60 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पिछले साल 72 लाख तीर्थयात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि साल 2023 में 56 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे। बता दें कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा शुरू होने के एक महीने बाद यानि 19 जून तक कुल 24।60 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चार धाम के दर्शन कर चुके थे। इसके बाद मौसम खराब होने की वजह से यात्रा कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद अगस्त से श्रद्धालुओं का जाना शुरू हुआ। अब यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढने लगी है। उत्तराखंड सरकार तीर्थयात्रियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है और तीर्थयात्रियों के ठहरने और खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों को सभी धामों में जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। तीर्थयात्रियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने और मानसून सीजन में सभी समस्याओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग और पर्यटन विभाग ने आपस में समन्वय स्थापित कर सभी जिलों को एसओपी भेज दी है।

## तेज धूप, दोपहर बाद...

पेज 1 से जारी

का एक और दौर शुरू होगा। जिससे पश्चिमी हिस्से यानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में भी हल्की बारिश होगी। इससे पहले प्रदेश में गरज-चमक, हल्की बारिश और धूप-छांव वाला मौसम रहेगा।

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
डॉ. परीक्षित शर्मा
एम.डी. (स्कीन)
रविवार 22 सितम्बर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित, अमलावद जिला मन्दसौर (म.प्र.)
संशोधित पंजीयन क्रमांक 2936, दिनांक-10.05.2023
क्रं./सा.सह./2024-25 दिनांक- 09/09/2024
✻ वार्षिक साधारण सभा का सूचना पत्र ✻
माननीय सदस्य महानुभावो,
संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था अमलावद की वार्षिक साधारण सभा संस्था की प्रबंधकारिणी के ठहराव क्र. 231 दिनांक 06.09.2024 के निर्णय अनुसार दिनांक 24.09.2024 वार मंगलवार को सुबह 11:00 बजे संस्था मुख्यालय अमलावद पर आयोजित की गई हैं। जिसमें निम्न विषयों पर विचार किया जावेगा। अत: समस्त अशंधारी सदस्यो से निवेदन है कि वार्षिक साधारण सभा की बैठक में निश्चित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करे। आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।
✻ विषय सूची :- 1. प्रबंधकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव की पुष्टि करना। 2. आगामी वर्ष के कार्यक्रम व कार्य योजना की स्वीकृति। 3. समिति का वर्ष 2024-25 का अनुमानित बजट प्रस्तुत पर विचार। 4. गत वर्ष के बजट से अधिक/ कम हुए आय/व्यय की स्वीकृति। 5. अंकेक्षण टीप वर्ष 2023-24 का पालन प्रतिवेदन के संबंध में। 6. वर्ष 2023-24 के वित्तीय पत्रक स्वीकृतार्थ। 7. संस्था के वित्तीय पत्रक अनुसार लेन-देन बाबत। 8. संस्था की वर्ष 2024-25 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु परीक्षक/सपरीक्षक फर्म की नियुक्ति एवं पुष्टि करने विषयक। 9. आयुक्त एवं पंजीयक महोदय के आदेश क्र/साख/योजना/2024/1982/257/ एवं उप आयुक्त महो मन्दसौर आ.क्रं. साख/973 के पालन में अनुमोदन। 10. संस्था के कर्मचारीयों का वेतन वृद्धि, भविष्यनिधि व केशसिक्युरिटी बाबत। 11. अन्य विषय जो प्रशासक महोदय की अनुमति से।
नोट-कोरम के अभाव में मीटिंग स्थगित की जाकर पुनः उसी स्थान पर उसी दिनांक को आधे घंटे पश्चात उपस्थित सदस्यों को कोरम मानकर बैठक की जावेगी।
एन.एल. धनगर — प्रबंधक, बहु.प्रा.कृ. साख सह. सं. मर्या, अमलावद
आर.पी. कुमावत — प्रशासक, बहु.प्रा.कृ. साख सह. सं. मर्या, अमलावद

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in